***पंजीकृत***

*संख्या-05/2017/209/12-4-17-421/2016*

प्रेषक,

मंजू लता सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कोषाधिकारी,
मैनपुरी।

कृषि अनुभाग-4 लखनऊ : दिनॉक : 31 मार्च, 2017

विषय :- स्व0 सुशील कुमार वर्मा, कामदार, कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, मैनपुरी की चिकित्सा में हुए व्यय की प्रतिपूर्ति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृषि निदेशालय, उ0प्र0 के पत्र संख्या-मु0प्र/4116/एच0ए0पी0जे0-5, दिनॉक 28-02-2017 द्वारा शासन को प्राप्त प्रस्ताव के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल, उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी चिकित्सा परिचर्या नियमावली, 2011 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत स्व0 सुशील कुमार वर्मा, कामदार, कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, मैनपुरी का प्रदेश के बाहर, गोल्डन रैनबो हेल्थ केयर, आगरा में दिनॉक 18'08-2015 से दिनॉक 18-09-2015 तक करायी गयी चिकित्सा में व्यय हुई कुल धनराशि रू0 6,65,386/- (रूपये छः लाख पैसठ हजार तीन सौ छियासी मात्र) की प्रतिपूर्ति किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि संबंधित बिलों का भुगतान इससे पूर्व नही किया गया है तथा यदि इस निमित्त कोई चिकित्सा अग्रिम स्वीकृत किया गया हो तो उसका समायोजन भी अवश्य कर लिया जाय।

3- प्रस्ताव से संबंधित प्रमाण पत्र/बिल बाउचर्स मूलरूप में संलग्न है।

4- उपर्युक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष-2016-17 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-62 के लेखा शीर्ष "2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्त हित लाभ-आयोजनेत्तर-01-सिविल-800-अन्य-04-राज्य सरकार के अधीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा राज्य सरकार के अधीन सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों व उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-402-दिनॉक 08 नवम्बर, 2000 के पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारीयों तथा उनके आश्रितो की विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-49-चिकित्सा व्यय" के नामे डाला जायेगा।

*संलग्नक-यथोपरि।*

भवदीया,

(मंजू लता सिंह)
अनु सचिव।

*संख्या-05/2017/209(1)/12-4-2017, तददिनॉक*

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) मुख्य चिकित्साधिकारी, मैनपुरी।
(3) कृषि निदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
(4) श्रीमती प्रेमलता पत्नी स्व0 सुशील कुमार, कामदार, राजकीय कृषि बीज भ्ण्डार, घिरोर, जनपद मैनपुरी।

आज्ञा से,

(मंजू लता सिंह)
अनु सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in